**न्यायालय– सत्र न्यायाधीश, ललितपुर।**

**दाण्डिक विविध वाद संख्या 227/2026**

**निर्मल कुमार बनाम अभिनंदन कुमार आदि**

18.07.2026

पत्रावली प्रस्तुत हुई। पुकार कराई गई। निगरानीकर्ता के विद्वान अधिवक्ता द्वारा निगरानी पर बल नहीं देने का कथन करते हुए इस आशय का पृष्ठांकन निगरानी मेमो के हाशिये पर किया गया है।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। न्यायालय उपजिला मजिस्ट्रेट ललितपुर द्वारा मुकदमा संख्या टी 202106450100300 निर्मल कुमार बनाम अभिनंदन कुमार आदि, धारा 145/146 द.प्र.सं. में पारित आदेश दिनाँकित 11.06.2026 व 22.06.2026 के विरुद्ध निगरानी प्रस्तुत की गयी थी, जो दाण्डिक विविध वाद संख्या 227/2026 के रूप में दर्ज हुई और ग्राह्यता के बिंदु पर सुनवाई हेतु नियत चल रही है। निगरानीकर्ता के विद्वान अधिवक्ता द्वारा उक्त निगरानी पर बल नहीं देने का कथन किया गया है।

अतः दाण्डिक विविध वाद संख्या 227/2026 बल न दिये जाने के कारण निरस्त किया जाता है। पत्रावली बाद आवश्यक कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

सत्र न्यायाधीश,
ललितपुर।

Digitally signed by ASHOK KUMAR SINGH
Date: 2026.07.18 17:25:25 IST
Reason: Document Owner
Location: District and Sessions Court